बस इतनी तमन्ना है

बस इतनी तमन्ना है, बस इतनी तमन्ना है,
महावीर तुम्हे देखूं, हनुमान तुम्हे देखूं ॥

कंधे मूँज जनेऊ हो, बंधी लाल लंगोटी हो,
कंधे मूँज जनेऊ हो, बंधी लाल लंगोटी हो,
बंधी लाल लंगोटी हो,
तन सारा सिन्दूरी हो, तन सारा सिन्दूरी हो,
महावीर तुम्हे देखूं, हनुमान तुम्हे देखूं ॥

छवि हो तेरी आकाशी, एक हाथ गदाधारी,
छवि हो तेरी आकाशी, एक हाथ गदाधारी,
एक हाथ गदाधारी,
दूजे हाथ में पर्वत हो, दूजे हाथ में पर्वत हो,
महावीर तुम्हे देखूं, हनुमान तुम्हे देखूं ॥

हाथों में मंजीरा हो, राम नाम की माला हो,
हाथों में मंजीरा हो, राम नाम की माला हो,
राम नाम की माला हो,
सीने में प्रभु छवि हो, सीने में प्रभु छवि हो,
महावीर तुम्हे देखूं, हनुमान तुम्हे देखूं ॥

दिन हो या अँधेरा हो, चाहे सांझ सवेरा हो,
दिन हो या अँधेरा हो, चाहे सांझ सवेरा हो,
चाहे सांझ सवेरा हो,
सोऊँ तो सपनो में, सोऊँ तो सपनो में,
महावीर तुम्हे देखूं, हनुमान तुम्हे देखूं ॥

बस इतनी तमन्ना है, बस इतनी तमन्ना है,
महावीर तुम्हे देखूं, हनुमान तुम्हे देखूं........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24346/title/ba-sitni-tamanna-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |